8-1/CSU/Acd/RR-CS/2026/ 189

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

Central Sanskrit University

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

(शैक्षणिक विभाग/Academic Section)

अधिसूचना/Notification

दिनांक/Date: 05-06-2026

विषयः- शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्राक्-शास्त्री/ शास्त्री / शास्त्री प्रतिष्ठा / B.Sc. (योग विज्ञान) / B.A.(Hons.) in Sanskrit & Civil Services studies/ ITEP/ एल.एल.बी. (Hons.)/ आचार्य / एम.ए. / M.Sc. (योग विज्ञान) / शिक्षाशास्त्री / शिक्षाचार्य पाठ्यक्रमों के विषम सत्रार्द्ध (Odd Semester) की शुल्क जमा करने के संबंध में।

सभी परिसरों/सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राक्-शास्त्री / शास्त्री / शास्त्री प्रतिष्ठा / B.Sc. (योग विज्ञान) / आचार्य एम.ए. / M.Sc. (योग विज्ञान) / शिक्षाशास्त्री / शिक्षाचार्य / एल.एल.बी. (Hons.) / ITEP के तृतीय, पंचम एवं सप्तम सत्रार्द्ध में प्रविष्ट होने वाले सभी हितधारकों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु समर्थ पोर्टल पर सत्रार्द्ध शुल्क जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 05-05-2026 से प्रारम्भ होगी। यह भी सूचनीय है कि अग्रिम सत्रार्द्ध की नियमित कक्षाएँ दि. 15-06-2026 से प्रारम्भ होंगी। अतः संबंधित कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों की अग्रिम सत्रार्द्ध की कक्षाओं में नियमित उपस्थिति अनिवार्य है।

सभी छात्रों द्वारा समर्थ पोर्टल पर अग्रिम सत्रार्द्ध-शुल्क जमा करने की समय-सारणी निम्नवत् है—

क्र. सं.	शुल्क जमा करने की अवधि	विलम्ब शुल्क
1.	दिनांक 05-06-2026 से 25-06-2026 तक	सामान्य शुल्क
2.	दिनांक 26-06-2026 से 05-07-2026 तक (10 दिन)	₹50/- (एकमुश्त) विलम्ब शुल्क
3.	दिनांक 06-07-2026 से 15-07-2026 तक (10 दिन)	₹100/- (एकमुश्त) विलम्ब शुल्क
4.	दिनांक 16-07-2026 से 25-07-2026 तक (10 दिन)	₹100/- प्रतिदिन विलम्ब शुल्क
5.	दिनांक 26-07-2026 से 24-08-2026 तक (30 दिन) प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन	₹1000/- विशेष विलम्ब शुल्क तथा क्रम सं. 4 में दर्शायी गई विलम्ब शुल्क की गणना सहित

समर्थ पोर्टल का लिंक – https://sanskrit.samarth.edu.in/index.php/site/login

नोटः 1. अग्रिम सत्रार्द्ध में प्रवेशित होने वाले विद्यार्थियों हेतु समर्थ पोर्टल पर विषय चयन (Subject Selection) की प्रक्रिया दिनांक 15-06-2026 से प्रारम्भ की जाएगी। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे विषय चयन की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करें। गत सत्रार्द्ध में अध्ययन किए गए विषयों के सातत्य में ही विषयों का चयन करें। स्पष्टता हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सम्बन्धित पाठ्यक्रम (Syllabus) का अवलोकन करें। अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित विषयाध्यापक अथवा विभागाध्यक्ष/प्राचार्य (सम्बन्धित महाविद्यालय) से सम्पर्क कर सकते हैं।

2. विलम्ब शुल्क से बचने हेतु निर्धारित समयावधि में सत्रार्द्ध शुल्क जमा कर विषय चयन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

(डा. देवानन्द शुक्ल)

उप निदेशक (शै.)

प्रतिलिपि-

1. कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3. परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4. निदेशक/प्राचार्य, समस्त परिसर/समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
5. परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)
6. सभी अधिष्ठाता / सभी विद्याशाखाध्यक्ष
7. सम्बद्ध संचिका।